दोस्त कैसे ढूंढे?

सारा, चित्र: सुसान पेर्ली

दोस्त कैसे ढूंढे?

सारा, चित्र: सुसान पेर्ली

"बेनी," उसके पिता ने कहा, "तुम्हारे लिए एक अद्भुत आश्चर्य है!"

"एक बड़ा आश्चर्य," उसकी माँ ने कहा.

"क्या वो एक बड़ा केक है?" बेनी ने पूछा.

उसकी माँ हँस पड़ी. "नहीं, वो केक नहीं है," माँ ने कहा.

"क्या वो एक नई साइकिल या बड़ा टेलीविज़न है?" बेनी ने पूछा.

"नहीं," उसके पिता ने कहा.

"वो उस तरह का आश्चर्य नहीं है."

"मैं हार मानता हूं!" अंत में बेनी ने कहा.

"सुनो, बेनी!" माँ ने कहा.

"हम अपना घर बदलने जा रहे हैं!"
वो बहुत खुश थीं. उन्होंने बेनी को
अपने गले लगाया.

"हम एक नए घर में शिफ्ट होने वाले हैं,
उस मकान में बहुत सारे कमरे हैं,
वहां पर तुम्हारे लिए एक अलग कमरा होगा!"

"घर में एक बड़ा पिछवाड़ा है," बेनी के पिता ने कहा.

"पिछवाड़े में घास है, और तुम्हारे चढ़ने के लिए वहां एक कम ऊंचाई का पेड़ भी है."

बेनी के पिता भी बहुत खुश लग रहे थे.

लेकिन बेनी खुश नहीं था.

"मैं इस घर से दूर जाना नहीं चाहता हूँ," उसने कहा.

"मैं अपने इतने सारे दोस्तों से दूर नहीं जाना चाहता हूँ."

"लेकिन, बेनी," उसके पिता ने कहा, "नए मकान के आसपास भी खेलने के लिए कई बच्चे होंगे."

"वे मुझे नहीं जानते होंगे," बेनी ने कहा, "और मैं भी उन्हें नहीं जानता होऊंगा."

"फ़िक्र मत करो, जल्द ही तुम्हारी उनसे दोस्ती हो जाएगी," माँ ने कहा.

"मेरी बात सुनो मां!" बेनी ने कहा.

माँ, बेनी की बात को बिल्कुल नहीं समझ पा रही थीं.

माँ नए दोस्त खोजने के बारे में कुछ नहीं जानती थीं.

बेनी ने अपने कुत्ते को चारों ओर देखा.

अब रेक्स को बाहर घुमाने ले जाने का समय हो गया था.

"आओ रेक्स!" बेनी चिल्लाया. "जल्दी करो!"

बेनी और रेक्स सड़क पर दौड़े.

फिर वे पूरे रास्ते वापस दौड़े.

फिर उन्होंने बॉल फेंकने और पकड़ने का खेल खेला.

उन्होंने लकड़ी की डंडी उछालने और पकड़ने का भी खेल खेला.

फिर बॉक्सर दौड़ कर रेक्स के पास आया.

बॉक्सर और रेक्स पुराने दोस्त थे.

बॉक्सर भी खेलना चाहता था.

लेकिन वो गेंद या लकड़ी के पीछे नहीं भागा.

बॉक्सर, रेक्स के पीछे भागा, और
कुत्तों ने एक-साथ अच्छा समय बिताया.

फिर बेनी रेक्स के साथ घर वापिस आया. वो अपने कुत्ते रेक्स के साथ घर के बाहर बैठ गया.

"तुम यहाँ से दूर नहीं जाना चाहते हो रेक्स, क्यों है ना?" उसने पूछा.

"वूफ!" रेक्स ने जवाब दिया.

"मुझे भी वही लगा था!" बेनी ने कहा.

अब घर के अंदर जाने का समय था.

"तुम अपने दोस्त बॉक्सर से दूर जाना नहीं चाहते हो रेक्स?" बेनी ने पूछा.

"वूफ वूफ!" रेक्स ने कहा.

"बस मैंने भी यही सोचा था!" बेनी ने कहा.

बेचारा रेक्स!

उसे भी अपने सभी दोस्तों से भी दूर जाना पड़ेगा.

घर शिफ्ट करने का दिन बहुत जल्द आ गया. बेनी के लिए वो एक बड़ी जल्दबाज़ी थी.

एक बड़ा बंद ट्रक बेनी के घर के ठीक सामने आकर खड़ा हुआ.

फिर मज़दूर घर के अंदर का सामान बाहर लाने लगे.

मज़दूर घर के अंदर-बाहर आते-जाते रहे.

बेनी की बाइक,

बेनी का पलंग,

बेनी के खिलौनों का डिब्बा,

बेनी की छोटी कुर्सी,

बेनी की किताबें,

सभी चीजें बाहर निकालकर ट्रक में भरी जा रही थीं.

मज़दूरों ने बेनी को भी मदद करने का मौका दिया. बेनी को उसमें बड़ा मज़ा आया.

लेकिन जल्द ही नए घर में जाने का समय आ गया, पर बेनी के लिए वो बिल्कुल सुखद नहीं था!

उनका नया घर बहुत सुंदर था.

उसका पिछवाड़ा बहुत बड़ा था.

वहाँ घास थी.

और हाँ, वहाँ चढ़ने के लिए एक अच्छा, कम ऊंचाई का पेड़ था.

लेकिन बेनी खुश नहीं था.

उसने गली में ऊपर-नीचे देखा. "मुझे अपने साथ खेलने के लिए यहाँ कोई नहीं दिख रहा है," उसने सोचा.

"शायद यहाँ मैं कोई दोस्त नहीं बना पाऊंगा," उसने सोचा.

"शायद मेरे पास यहाँ रेक्स के साथ खेलने के अलावा और कोई नहीं होगा."

फिर उसने पुकारा, "रेक्स! रेक्स, इधर आओ!"

पर रेक्स दौड़ता हुआ नहीं आया.

बेनी फिर से चिल्लाया,

"रेक्स! जल्दी आओ, रेक्स!"

लेकिन रेक्स नहीं आया.

बेनी नए घर के अंदर गया.

"माँ," उसने कहा, "क्या आपने रेक्स को देखा है?"

"हाँ," माँ ने कहा. "मैंने उसे सड़क पर दौड़ते देखा था. मुझे लगा कि वो तुम्हारे साथ होगा."

सड़क पर!

लेकिन रेक्स इस नई गली को बिल्कुल नहीं जानता है.

वो नए घर का रास्ता खोजना भी नहीं जानता है!

उसके बाद बेनी खुद घर से बाहर भागा.

फिर सड़क के उस पार वाला लड़का बेनी के पास आया.

"क्या तुम्हारा कुत्ता खो गया है?" उसने पूछा.

"नहीं," बेनी ने कहा. "हम अभी-अभी यहां आए हैं, और रेक्स को नए घर का रास्ता तक नहीं पता है."

वह गली में दौड़ा.

उसने चारों ओर देखा.

गली के उस पार एक लड़का था.

लेकिन वहां रेक्स नहीं था.

"रेक्स, तुम कहाँ हो!" बेनी बार-बार चिल्लाया.

"रेक्स, जल्दी आओ!"

"मेरा नाम निक है," लड़के ने कहा. "क्या तुम चाहते हो कि मैं उसे ढूंढने में तुम्हारी मदद करूँ?"

"धन्यवाद! बेनी ने कहा. "तुम्हारा बहुत धन्यवाद!"

"चलो हम लोग अगली गली में देखते हैं," निक ने कहा.

"कुत्तों को वहां पर खुदाई में बहुत मज़ा आता है."

फिर दोनों अगली गली में गए.

बेनी ने एक लड़के और एक लड़की को सड़क के उस पार देखा.

लेकिन रेक्स वहां पर नहीं था.

"हेलो, बिली!" निक चिल्लाया.

"हेलो, जेनी!

यह बेनी है.

उसे अपना कुत्ता नहीं मिल रहा है."

फिर वो लड़का और लड़की बेनी के पास सड़क पार कर दौड़े हुए आए.

"हम कुत्ते की तलाश में तुम्हारी मदद कर सकते हैं," जेनी ने कहा.

"चलो कसाई की दुकान पर जाकर देखते हैं," बिली ने कहा.

"कुत्ते, उस दुकान पर जाना पसंद करते हैं."

वे सभी मीट की दुकान पर गए.

लेकिन रेक्स वहां भी नहीं था.

"शायद वह इस तरफ चला गया हो," निक ने कहा.

"कुत्ते, वहाँ घास में खेलना पसंद करते हैं."

फिर वे सब अगली गली में गए.

बेनी ने सड़क के उस पार एक लड़की को देखा.

लेकिन वहां भी रेक्स नहीं था.

"हेलो, बेट्सी!" जेनी ने लड़की को बुलाया.

"यह बेनी है. उसे अपना कुत्ता नहीं मिल रहा है."

लड़की गली में से दौड़ी हुई आई.

"मैं उसे खोजने में तुम्हारी मदद कर सकती हूँ," उसने कहा.

वे सभी अगली गली से नीचे उतरे.

बेनी रेक्स को ढूंढ़ रहा था, इसलिए उसे नहीं पता था कि वे लोग अब तक पूरे ब्लॉक के चारों ओर घूम चुके थे.

बेनी आश्चर्य से एक जगह रुक गया.

"देखो, वो रहा मेरा घर!" वो चिल्लाया.

"क्या वो तुम्हारा घर है?" निक ने पूछा.

"मैं सड़क के उस पार रहता हूँ वहाँ पर!" निक ने कहा.

"और हम वहाँ रहते हैं!" बिली ने कहा.

"उस सफेद दरवाजे वाले घर में," जेनी ने कहा.

"और मैं वहाँ रहती हूँ!" बेट्सी ने कहा.

"बड़े पेड़ के पास वाले घर में."

वो सब सुनकर बेनी इतना हैरान हुआ कि वो रेक्स के बारे में भूल गया.

उसने निक,

और बिली,

और जेनी,

और बेट्सी को देखा.

"सुनो," बेनी ने कहा.

"मेरे घर के पिछवाड़े में चढ़ने के लिए एक अच्छा पेड़ है. क्या तुम सब उस पर चढ़ना चाहोगे?"

वे सभी बेनी पीछे के यार्ड में भागे.

बेनी ज़रा रुका.

"ज़रा देखो!" वो चिल्लाया.

और फिर वो हंसने लगा.

वहां पर रेक्स था. वो बहुत खुश था!

वहाँ पर रेक्स दो अन्य कुत्तों के साथ खेल रहा था!

"ज़रा देखो!" निक ने कहा.

फिर वो भी हंसने लगा.

"तुम्हारे कुत्ते को कुछ नए दोस्त मिल गए हैं!"

बेनी ने रेक्स को देखा.

फिर उसने अन्य बच्चों की ओर देखा.

"मुझे भी नए दोस्त मिल गए हैं!" उसने आश्चर्य से सोचा.

फिर उसने कहा, "चलो!"

और फिर सब अच्छे उस निचले पेड़ पर चढ़ने के लिए दौड़े.

समाप्त